an>

Title: Need to set up a Passport office at Muzaffarpur in Bihar.

श्री अजय निषाद (मुजफ्फEरपुर)◌ः उत्तर बिहार का औद्योगिक एवं व्यावसायिक केन्द्र माना जाने वाला हमारा संसदीय क्षेत्र मुजफ्फEरपुर एवं नेपाल सीमा से लगा सीतामढ़ी, शिवहर, पश्चिम चम्पारण, एवं पूर्वी चम्पारण आदि जिलों के लोगों को पासपोर्ट हेतु काफ्E◌ाळ दूरी तय कर पटना या पिछले वर्ष खुले पासपोर्ट ऑफ्E◌िस दरभंगा जाना पड़ता है। मुजफ्फEरपुर के बगल के ही छपरा, सिवान, गोपालगंज जिलों के लोगों को भी नजदीक में पासपोर्ट ऑफ्E◌िस नहीं होने के कारण काफ्E◌ाळ परेशानियों का सामना करना पड़ता है जबकि इस इलाके से हजारों-हजार की तादाद में लोग खाड़ी देशों में रोजगार के लिए आते-जाते रहते हैं। हालांकि पिछले वर्ष दरभंगा में एक पासपोर्ट ऑफ्E◌िस खुला लेकिन मुजफ्फEरपुर एवं इसके आसपास के उपरोक्त जिलों के लोगों को इसका समुचित लाभ नहीं मिल पाता है। मुजफ्फEरपुर उत्तर बिहार का सबसे बड़ा व्यावसायिक केंद्र होने के साथ-साथ यहां प्रमंडलीय कार्यालय भी है।

मैं सरकार से मांग करना चाहूंगा कि मुजफ्फEरपुर में एक पासपोर्ट ऑफ्E◌िस खोला जाए अन्यथा एक ट्रांजिट या कैम्प या फ्E◌िर शाखा कार्यालय खोला जाए ताकि इस इलाके के लोगों को आये दिन पासपोर्ट के लिए होने वाली परेशानियों से निजात मिल सके।